नवभारत टाइम्स

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 1 सितंबर 2021

आज से खुलेंगे दिल्ली के स्कूल, पैरंट्स का रिस्पॉन्स अभी है कम

स्कूलों में बनाए गए सर्कल और आइसोलेशन सेंटर, क्लास में आधी सीटों पर लगाया क्रॉस

Katyayani.Upreti@timesgroup.com

स्कूल खोलने की तैयारी करते हुए मंगलवार को कई स्कूलों ने क्लास रूम से लेकर वॉशरूम तक सैनिटाइज किया। कैंपस में कोरोना से आगाह करते हुए कई जगह पोस्टर्स लगाए गए।

■ नई दिल्ली : दिल्ली में 9वीं से 12वीं तक स्कूल बुधवार से खुल रहे हैं। 6 महीने बाद स्कूलों के दरवाजे स्टूडेंट्स के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए खोले जाएंगे। हालांकि, कई स्कूल मैनेजमेंट का कहना है कि वे पैरंट्स से सहमति लेने और उनके साथ एक सेशन बातचीत करने के बाद अगले हफ्ते स्कूल खोलेंगे।

जो स्कूल खुल रहे हैं, उनमें से ज्यादातर का कहना है कि अभी उन्हें पैरंट्स से ज्यादा रिस्पॉन्स नहीं मिला है। कई स्कूलों में 20% से 40% पैरंट्स ने ही हामी भरी है। स्कूलों का मानना है कि पैरंट्स कुछ दिन हालात का जायजा लेने के बाद भी बच्चों को स्कूल भेजेंगे।

स्कूल खोलने की तैयारी करते हुए मंगलवार को कई स्कूलों ने क्लास रूम से लेकर वॉशरूम तक सैनिटाइज किया। सोशल डिस्टेंसिंग के लिए सर्कल बनाए गए। क्लास रूम में सीटों मे आधी सीटों में क्रॉस किया गया। कैंपस में कोरोना से आगाह करते हुए कई जगह पोस्टर्स लगाए गए। स्कूलों में आइसोलेशन सेंटर भी बनाए गए हैं। हालांकि, स्कूलों का कहना है कि शुरुआत में कम ही स्टूडेंट्स के आने की उम्मीद है। मंगलवार तक कम ही पैरंट्स से कन्सेंट फॉर्म भरकर वापस दिया था। दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (डीडीएमए) ने अपनी गाइडलाइंस में कहा है कि स्कूलों में स्टूडेंट्स को पैरंट्स से लिखित सहमति मिलने के बाद ही बुलाया जाए।

■ कई स्कूल अगले हफ्ते से खुलेंगे
■ 6 महीने बाद स्कूलों के दरवाजे स्टूडेंट्स के लिए खोले जाएंगे
■ स्कूलों का कहना है कि मंगलवार तक कम ही पैरंट्स ने कन्सेंट फॉर्म भरकर वापस दिया था।

वसुंधरा एनक्लेव एवरग्रीन स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका गुलाटी ने बताया, 'अब तक क्लास 9 और 10 के लिए 25% पैरंट्स से ही हामी मिली है। अभी प्रैक्टिकल्स के लिए क्लास 11 और 12 के लिए 45%-50% बच्चे स्कूल आ रहे हैं। उम्मीद है कि ये बच्चे फिजिकल क्लासेज के लिए भी आएंगे। जो स्टूडेंट्स नहीं आएंगे, उनके लिए हम इन्हीं क्लास को लाइव करेंगे।' रोहिणी के माउंट आबू पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा कहती हैं, 'पैरंट्स से अभी हमें ज्यादा रिस्पॉन्स नहीं मिला है। क्लास 9 के लिए हमें सबसे कम रिस्पॉन्स मिला है, सिर्फ 30%-40% ही अपने बच्चों को भेजने के लिए तैयार हैं। हालांकि, क्लास 12 में प्रैक्टिकल्स के लिए अभी 70%-80%, क्लास 11 में 60-70% बच्चे आ रहे हैं। क्लास 10 के लिए हमें 50-60% पैरंट्स से सहमति मिली है।'

विद्या बाल भवन सीनियर सेकंडरी स्कूल मयूर विहार के प्रिंसिपल सतबीर शर्मा ने बताया, 'हमें अभी तक 20% पैरंट्स से ही रिस्पॉन्स मिला है। पैरंट्स अभी बच्चों को स्कूल भेजना नहीं चाहते क्योंकि वे डरे हुए हैं। हालांकि, धीरे-धीरे ग्राफ बढ़ेगा। हमने आइसोलेशन रूम भी बना दिया है जिसमें बेड, ऑक्सिजन कंसन्ट्रेटर, ऑक्सिजन सिलिंडर समेत सभी जरूरी सुविधाएं हैं।'

कुछ स्कूलों को अच्छा रिस्पॉन्स भी मिला है। पीतमपुरा के एम. एम. पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रुमा पाठक कहती हैं, '80% पैरंट्स ने कहा है कि बच्चों को 1 सितंबर से स्कूल भेजेंगे। सभी क्लास के लिए लगभग एक-सा ही फीडबैक मिला है। जब स्कूल शुरू हो जाएगा तो उम्मीद है कि एक हफ्ते में बाकी 20% बच्चे भी आना शुरू कर देंगे।'

एसबीवी बाबूराम भोलानाथ नगर, शाहदरा के प्रिंसिपल रघुबीर सिंह कहते हैं, 'पैरंट्स बच्चों को स्कूल भेजना चाहते हैं मगर सेफ्टी के लिए फिक्रमंद हैं। हमने पूरे स्कूल को सैनिटाइज करवा दिया है। सभी क्लास को आधे- आधे घंटे के अंतर में बुलाया जाएगा।' कई स्कूल ऐसे भी हैं जो अगले हफ्ते खुलेंगे। राजेंद्र नगर के मानव स्थली स्कूल की एडमिनिस्ट्रेटर मीनाक्षी शर्मा कहती हैं, 'स्कूल में कोविड प्रोटोकॉल को लेकर अभी स्कूल हेड मैनेजिंग कमिटी के साथ और पैरंट्स के साथ मीटिंग करेंगे ताकि पैरंट्स को बच्चों की सेफ्टी को लेकर पूरा भरोसा दिलाया जा सके। पूरी तैयारी के साथ अगले हफ्ते ही चारों क्लास के लिए स्कूल खोला जाएगा।' साउथ दिल्ली के इंडियन स्कूल की प्रिंसिपल तान्या जोशी कहती हैं, 'अभी प्रैक्टिकल चल रहे हैं और इसके बाद ही चारों क्लास के लिए स्कूल खोलने का प्लान तय किया है। मंगलवार को कन्सेंट फॉर्म भेजे हैं और 6 सितंबर से हाइब्रिड लर्निंग के साथ स्कूल खोलेंगे। क्लास 10 में प्रैक्टिकल्स के लिए 70% और 12 के लिए 95% की अटेंडेंस है।'

कड़कड़डूमा के जी डी गोयनका स्कूल की प्रिंसिपल अनुपमा चोपड़ा कहती हैं, 'पैरंट्स तीसरी लहर को लेकर डरे हुए हैं, स्कूल खोलने को लेकर भी मिक्स रिस्पॉन्स मिल रहा है। हम पूरी तैयारी करेंगे और अगले हफ्ते ही स्कूल खोलेंगे।'